**Fourteenth Loksabha**

**Session : 6**
**Date : 09-12-2005**

**Participants : Mohale Shri Punnulal**

>

Title : Situation arising out of non-availability of postpaid and prepaid cellular SIM cards in Chhattisgarh.

**श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर)** : माननीय सभापति महोदय, मैं छत्तीसगढ़ दूरसंचार विभाग द्वारा बीएसएनएल के पोस्टपेड एवं प्रीपेड कार्ड नहीं मिलने की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।  छत्तीसगढ़ राज्य में बीएसएनएल फोन के संबंध मैं कहना चाहता हूं, जहां मोबाइल फोन हैं, वहां एरिया बढ़ाया जाए, जैसे बिलासपुर, चमुगेली, मुवेली, जगागांव क्षेत्र में दो किलोमीटर एरिया बढ़ाया जाए, जिससे पूरे क्षेत्र को बीसीएनएल की मोबाइल सेवा प्राप्त हो। मनंजर, खड़गपुर, लोरमी, खिंडरिया, सरगुजा, छत्तीसगढ़ में रायपुर, कवरभात क्षेत्र में बीसीएनएल की प्रीपेड एवं पोस्टपेड कार्डों की कमी है। दस हजार लोगों को कार्ड की आवश्यकता है, उसे बंद कर दिया गया है। सांसदों के पास लोग आते हैं, जनप्रतिनिधियों के पास लोग आते हैं और इसकी मांग करते हैं।  चाहे विधायक हों या अन्य जनप्रतिनिधि हम सभी को कोटा निर्धारित किया जाए, जिससे कि हम लोगों द्वारा चिट्ठी लिखने से बीएसएनएल कार्ड जो अभी नहीं मिलते हैं, वे मिलने लगें। इन सब बातों को अवगत कराने की आवश्यकता है, जिससे वहां के लोगों को मोबाइल सेवा प्राप्त हो सके। वहां अन्य मोबाइल सेवा जैसे तरंग या अन्य सेवाएं हैं, उनके ट्रांसफॉर्मर बढ़ाए जाएं और जल्दी लगाए जाएं, जिससे वहां के आम नागरिकों को, दस हजार लोगों को प्रीपेड और पोस्टपेड आवेदन-पत्र, जिन लोगों के बहुत समय से लंबित हैं, अकेले विलासपुर जिले में ही पांच हजार लोगों के लंबित हैं, लोग बेहतर टेलीफोन और मोबाइल सेवा की बात कर रहे हैं, इसलिए मैं केंद्र सरकार से अनुरोध करूंगा कि बीसीएनएल के टेलीफोन के एरिया को बढ़ाया जाए। प्रीपेड और पोस्टपेड के लिए सांसदों के लिए कोटा निर्धारित किया जाए और जिन्होंने रजिस्ट्रेशन करा लिया है, जो आवेदन दे चुके हैं, कुछ राशि जमा कर चुके हैं, उनकी स्वीकृति हो चुकी है और कार्डों की कमी के कारण उन्हें नहीं मिल पाए हैं, उस कमी को दूर करने के लिए सरकार आदेश जारी करे और वहां के लोगों को उक्त सुविधा प्रदान की जाए।